दौसा न्यूज़

www.dausanews.com दौसा . सोमवार . 17 फ़रवरी 2025

दौसा में फिर से शुरू हो रही अन्नपूर्णा रसोई, सिर्फ़ 8 रुपये में मिलेगा पौष्टिक भरपेट खाना

ग़रीबों के लिए भजनलाल सरकार का तोहफ़ा

सौरभ शर्मा | दौसा

दौसा जिला प्रशासन की पहल पर सोमवार को जिला अस्पताल में अन्नपूर्णा रसोई की फिर से शुरुआत हुई। अब यहां मरीजों व उनके परिजनों को मात्र 8 रुपए में भरपेट पौष्टिक खाने की सुविधा मिल सकेगी। नगरीय निकायों में जरूरतमंद लोगों को स्थाई रसोई में बैठाकर सुबह 8.30 बजे से दोपहर एक बजे तथा शाम 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक पौष्टिक खाना उपलब्ध कराने के लिए अन्नपूर्णा रसोइयां संचालित की जा रही है। लेबोरेट्री रूम के सामने अन्नपूर्णा रसोई का नया कक्ष बनाया गया है, जहां पर सोमवार से 8 रुपए की रियायती दर पर गर्म एवं पौष्टिक भोजन मिलना शुरु हो गया है।

दौसा राजकीय चिकित्सालय

एक थाली में 300 ग्राम आटे की चपाती, 100 ग्राम दाल, 100 ग्राम मिक्स सब्जी, 100 ग्राम दलिया एवं चावल तथा अचार परोसा जाएगा। इसके लिए राज्य की भजनलाल सरकार द्वारा प्रति थाली 22 रुपए अनुदान दिया जा रहा है।

हथियार के साथ रील अपलोड करने वाला युवक अरेस्ट : नकली पिस्टल के साथ शेयर की वीडियो, पुलिस ने पूरे जिले में चलाया अभियान

सोशल मीडिया पर फेमस होने के लिए स्टंट करने वालों के खिलाफ दौसा पुलिस अब सख्त हो गई है। पुलिस ने नकली पिस्टल व स्पीड़ बाइक के साथ रील बनाने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा जारी वीडियो में दो युवक स्पीड बाइक के पास खड़े हुए ड्रिंक कर रहे हैं, जिसमें एक युवक के हाथ में पिस्टल दिख रही है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर होने के बाद पुलिस ने संज्ञान लेते युवक पिंटू डोई निवासी बीछलवास को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस कार्रवाई के बाद गिरफ्तार युवक हाथ जोड़कर कह रहा है कि मैंने सोशल मीडिया पर नकली पिस्टल की रील अपलोड कर दी थी, जिसके बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

ऐसे में सभी भाइयों से निवेदन करना चाहता हूं कि सोशल मीडिया पर इस प्रकार के वीडियो अपलोड नहीं करें।

पुलिस ने वॉट्सएप हेल्पलाइन नंबर जारी करते हुए कहा है कि सोशल मीडिया पर हथियार के साथ रील, स्टोरी व पोस्ट करने वालों की सूचना देने पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

मंडावर में 30 लाख रुपए से 5 बीघा में बनेगी नर्सरी मार्च में तैयार होगी, 17 किमी दूर नहीं जाना पड़ेगा

दौसा वन विभाग की ओर से जिले के मंडावर में नर्सरी बनाई जाएगी। मंडावर में 30 लाख रुपए की लागत से 5 बीघा में भूमि में नर्सरी बनाई जाएगी। इसके लिए काम शुरू हो गया। नर्सरी नहीं जाना पड़ेगा।

यह नर्सरी मार्च तक तैयार हो जाएगी। इसके बाद डिमांड के अनुसार विभिन्न प्रकार के पौधे तैयार किए जा सकेंगे। इससे लोगों को मंडावर में ही पौधे मिल सकेंगे। लोगों को पौधे लेने के लिए करीब 17 किमी दूर शहदपुर नर्सरी नहीं जाना पड़ेगा।

वन विभाग की ओर से महवा-मंडावर रोड पर घाटा बालाजी मंदिर के पास नर्सरी बनाई जा रही है। इसमें 400 मीटर चार दीवारी की जा रही है। वहीं, 150 मीटर फेंसिंग कराई जाएगी। पौधे लगाने के लिए 30 बैड बनाई जा रही हैं। इनमें पौधे तैयार किए जा सकेंगे। नर्सरी का कार्य जनवरी महीने में शुरू हुआ है और मार्च में काम पूरा हो जाएगा। इसके बाद वन विभाग की ओर से मांग के अनुसार ही पौधे तैयार किए जा सकेंगे। आगामी मानसून के दौरान पौधे वितरित किए जाएंगे। 1 ट्यूबवेल व 1 कमरा भी बनेगा नर्सरी में एक ट्यूबवेल भी लगाया जाएगा। इससे सिंचाई कर पौधे तैयार किए जा सकेंगे। अभी वहां पानी की व्यवस्था नहीं है।

नर्सरी के लिए ज़मीन

ट्यूबवेल लगाने के बाद पानी की व्यवस्था हो सकेगी। इसके अलावा 1 कमरा में भी बनाया जाएगा। नर्सरी में कार्यरत कर्मचारी वहां रह सकेंगे। मंडावर में नर्सरी बनाई जा रही है। इसमें 400 मीटर चारदीवारी बनाई जा रही है। वहीं करीब 150 मीटर फेंसिंग होगी। नर्सरी का काम मार्च में पूरा हो जाएगा। इसके बाद डिमांड के अनुसार नर्सरी में पौधे तैयार किए जा सकेंगे।

जिले में 12 नर्सरी हैं। इनमें खान भांकरी, खवारावजी, बाणगंगा, शहदपुर, डिडवाना, लालसोट, निर्झरना, बालाजी, राणोली, सिकराय, बांदीकुई व पीचूपाड़ा में नर्सरी हैं। अब मंडावर में एक और नर्सरी तैयार हो रही है। इसके बाद 13 नर्सरी हो जाएंगी। लोगों को नर्सरी से रियायत दर पर पौधे मिलने लगेंगे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पहुंचे उदयपुर, एयरपोर्ट पर किया स्वागत, 18 को वाटर विजन कॉन्फ्रेंस में लेंगे भाग

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल आज रात को उदयपुर पहुंचे। यहां डबोक स्थित महाराणा प्रताप एयरपोर्ट पर भाजपा नेताओं ने दोनों की अगवानी की। सीएम एयरपोर्ट से सर्किट हाउस पहुंचे।

पाटिल और शर्मा उदयपुर के अनंता रिसॉर्ट में 18 फरवरी, को शुरू होने वाली देश में जल प्रबंधन व संरक्षण के लिए राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस वाटर विजन-2047 में शामिल होंगे।

कार्यकर्ताओं के साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा